**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

(**तिथि** 31 **अगस्त** 2026, **समय** 18:10 (10 **मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

==================================================

- केंद्र सरकार ने देश में चिप विनिर्माण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक लाख 27 हज़ार करोड़ रुपए के खर्च के साथ सैमीकॉन कार्यक्रम के दूसरे चरण को अधिसूचित किया।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अपने खर्च पर सभी लोहे के ट्यूबलर और चैनल पोल को पीसीसी पोल में बदला जाएगा।

- श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और इंफोसिस फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को एआई, संचार और साक्षात्कार कौशल का प्रशिक्षण देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- हरियाणा सरकार फरीदाबाद और बल्लभगढ़ होते हुए पलवल की ओर आने वाली आगरा नहर के दोनों तरफ सड़क मार्ग विकसित करने की प्रक्रिया जल्दी शुरू करेगी।

-------------------------------------------------

केन्द्र सरकार ने देश में चिप विनिर्माण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये के व्यय के साथ सेमीकॉन कार्यक्रम के दूसरे चरण को अधिसूचित किया।

नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे आगामी वर्षों में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार

में भारत की हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

---------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मानसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में विधायक हरिंद्र सिंह की माता और डॉ. कृष्ण कुमार की सास श्रीमती गिर्राजो देवी के आज निधन होने पर गहरा शोक प्रकट किया और दिवंगत के परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की।मुख्यमंत्री ने मानसून सत्र शुरू होने के बाद दिवंगत हुए महेंद्रगढ़ के गांव मोहनपुर के शहीद नायब सूबेदार भूपेंद्र सिंह और भिवानी के गांव नांगल के सिपाही सोनू कुमार के शोक-संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की।

सदन में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया ।

---------------------------------------------

हरियाणा विधानसभा में आज प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर जोरदार चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य की खेल नीति की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लगातार खेल संरचना को मजबूत करने के सकारात्मक परिणाम आज सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री विधायक रविंद्र हंस के खेलों बारे एक प्रश्न का कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा उत्तर दिए जाने के बाद सदन बोल रहे थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार आगे भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

-----------------------------------------

आज राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के अवसर पर पंचकूला में विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यक्रम आयोजित कर श्रमिकों के योगदान की सराहना की गई।

हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के राज्य सलाहकार विष्णु गोयल ने उद्योगपतियों और श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं ।

-----------------------------------------------

हरियाणा ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज सदन में कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अपने खर्च पर सभी लोहे के ट्यूबलर और चैनल पोल को पीसीसी पोल से बदलेगा, जबकि रेल पोल इसमें शामिल नहीं होंगे। वे विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि पेहोवा के गुलदेहरा और ठसका मीरांजी गांवों के बाहरी कृषि फीडरों पर चिन्हित 107 लोहे के पोलों में से शेष 91 पोलों को जनवरी 2027 तक पीसीसी पोल से बदल दिया जाएगा।

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने सदन को बताया कि आदमपुर और नलवा विधानसभा क्षेत्रों में 48 में से 47 नहरों के अंतिम छोर तक तय रोटेशन कार्यक्रम के अनुसार सिंचाई जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

-----------------------------------------------

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि असंध में 100-बेड वाले नागरिक अस्पताल का निर्माण कार्य 10 फरवरी 2028 तक पूरा होने की संभावना है।

आज सदन में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल का 15 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि रेवाड़ी के माजरा में स्थापित हो रहे देश के 22वें एम्स में शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए 50 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले की मंजूरी मिल गई है।

-----------------------------------------------

हरियाणा सरकार द्वारा स्थापित पलवल के दुधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और इंफोसिस फाउंडेशन के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार

की मौजूदगी में कुलसचिव सुमन वशिष्ठ ने इंफोसिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस समझौते का आदान-प्रदान किया।

प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय और कुल 18 घंटे के इस विशेष प्रशिक्षण में तीन हजार विद्यार्थियों को को एआई, संचार और **साक्षात्कार कौशल** का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

-------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार फरीदाबाद और बल्लभगढ़ होते हुए पलवल की ओर आने वाली आगरा नहर के दोनों तरफ सड़क मार्ग विकसित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू करेगी।

हरियाणा के खेल एवं कानून मंत्री गौरव गौतम ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर आज प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात की और उच्च अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों को परियोजना की प्रक्रिया को जल्द आगे बढ़ाने तथा आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

श्री गौरव गौतम ने कहा कि इन सड़कों की प्रस्तावित मार्ग की लंबाई लगभग 40 किलोमीटर बताई जा रही है जिससे स्थानीय यातायात को वैकल्पिक रास्ते मिल सकेंगे।

-----------------------------------------------

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके असाधारण योगदान और विशिष्ट सार्वजनिक जीवन को याद किया।

राज्यपाल ने कहा कि जनसेवा, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति प्रणब मुखर्जी की प्रतिबद्धता हमेशा स्मरणीय रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

--------------------------------------------------

हरियाणा विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के दूसरे दिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़ द्वारा विधानसभा अध्यक्ष के विरूद्ध अशोभनीय भाषा इस्तेमाल कर मर्यादा भंग करने को लेकर विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव सदन में रखा। प्रस्ताव के समर्थन में 15 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद प्रस्ताव को मंजूर कर लिया गया।

श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि कांग्रेस विधायक श्री जस्सी पेटवाड़ द्वारा सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से मानहानि तथा हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष के विरुद्ध उनके पद के प्रति पक्षपात एवं पूर्वाग्रह जैसे आरोप लगाए गए हैं।

=========================================